HHR17-1-2-HI

यीशु के अन्तिम वचन - प्रकाशितवाक्य की किताब - प्रोगाम 2

उद्घोषक: आज लगभग आधे ईसाई विश्वास करते हैं कि उनके जीवनकाल में, यीशु मसीह पृथ्वी पर लौट आएंगे। प्रकाशितवाक्य में, ईसाई चर्च के लिए, भविष्य के बारे में, यीशु मसीह के अंतिम वचन हैं। वह उन भयानक घटनाओं की चेतावनी देता है, जो क्लेश के दौरान पृथ्वी पर होने वाला है, शैतान, मसीह के विरोधी और उन झूठे धर्म के सभी लोगों का क्या होगा। वह बताता है कि हर-मगिदोन के युद्ध में क्या होगा, पृथ्वी पर उसका वापस आना, उसके हज़ार साल का शासन, अंतिम न्याय, और वह यह वर्णन करता है कि परमेश्वर ने अपने लोगों के अनंत-भविष्य के लिए क्या योजना बनाई है। इस श्रृंखला में, हम आपको प्रकाशितवाक्य के पुस्तक के हर अध्याय के माध्यम से ले जाएंगे, ताकि आपको उसके संदेश और परमेश्वर ने भविष्य की घटनाओं के बारे में जो कहा है, उसे समझने में मदद मिल सके।

मेरे मेहमान हैं: *डॉ. एड हिंड्सन, लिबर्टी* विश्वविद्यालय के *स्कूल ऑफ़ रीलीजन* के अध्यक्ष, और धर्म के प्रतिष्ठित प्रोफेसर, और 40 से भी अधिक पुस्तकों के लेखक।

डॉ. *मार्क हिचकॉक डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी* में, बाइबिल प्रदर्शनी के सहयोगी प्रोफेसर हैं। वे बाइबिल की भविष्यद्वाणी पर लिखे गए 30 पुस्तक के लेखक हैं, और *फेयत बाइबल चर्च* के वरिष्ठ उपदेशक हैं।

डॉ. रॉन रोड्स भी डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी में पढ़ाते हैं, *और रेज़निंग फ्रम द स्क्रिप्चर्स मिनिस्ट्रीज़* के अध्यक्ष हैं। वह भविष्यद्वाणी पर लिखे गए 70 पुस्तकों के लेखक हैं। *जॉन एंकरबर्ग शो* के इस विशेष संस्करण में हमसे जुड़ें रहें।

*****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हमारे कार्यक्रम में आपका स्वागत है मैं जॉन एंकरबर्ग हूं, मेरे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद। जैसा कि अभी आपने सुना, हमारे पास तीन महान मेहमान हैं, और हम प्रकाशितवाक्य के पुस्तक के बारे में बात कर रहे हैं; क्यों हर ईसाई को इसे पढ़ना जरूरी है। यीशु द्वारा चर्च के लिए कहे गए अंतिम वचन क्या हैं? आप इसे प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में पाते हैं। और हमारे पास डॉ.एड हिंड्सन, डॉ. मार्क हिचकॉक और डॉ. रॉन रोड्स हैं। और, दोस्तों, मुझे खुशी है कि आप लोग यहाँ हैं। एड, पिछले सप्ताह हमने अध्याय एक के बारे में जो कुछ कहा, मैं उसका एक सारांश चाहता हूं। और उन लोगोंं के लिए जिन्होंने उसे नहीं देखा, उनको मैं एक सारांश देना चाहता हूँ कि हम अभी कहां हैं।

डॉ. एड हाईन्डसन: खैर, प्रकाशितवाक्य का पहला अध्याय, यूहन्ना, एक जी उठे मसीह के साथ शुरु होता है, जो कि मृत्यु और पुनरुत्थान के 65 साल बाद, पतमुस की टापू में यूहन्ना को प्रकट होता है। यह जी उठा उद्धारकर्ता है जो कि यूहन्ना से कह रहा है, "तू अकेला नहीं है, तू इस टापू पर अकेला नहीं है। मैं तेरे लिए आया हूँ और मेरे पास तेरे लिए एक उद्देश्य है। एक चर्मपत्र लेकर आओ, एक कलम निकालो, हम एक पुस्तक लिखने वाले हैं जो इतिहास को बदल देगा।" यह यीशु का स्वयं के प्रकाशितवाक्य हैं जो कि वह यूहन्ना को देता है, और यूहन्ना उसे हमें देता है। अध्याय 1 वास्तव में प्रस्तावना या पुस्तक के परिचय के रूप में कार्य करता है। और फिर अध्याय 2 और 3, सात कलीसियाओं के लिए पत्र है। यीशु, आसिया माइनर के सात अलग-अलग कलीसिया, जो कि पहली शताब्दी में मौजूद थे, उनको एक संदेश घोषित करता है, और उन्हें उन कलीसियाओं के प्रभू के रूप में कहता है, "तुम यह जो कर रहे हो वह सही है, इसे जारी रखो; लेकिन यह जो कर रहे हो वह गलत है, तुम्हें पश्चाताप करने और इसे सुधारने की आवश्यकता है।"

एंकरबर्ग: हाँ। और चलो हम बात करते हैं, हमने पहले से ही कुछ कलीसियाओं के बारे में बात की है। अब पिरगमुन की ओर जाते हैं, ठीक है, रॉन। और यह एक समझौता करने वाला कलीसिया है। यीशु ने कहा, "जिस के पास दोधारी और चोखी तलवार है, वह यह कहता है," वह यीशु के बारे में कहता है, "मैं तुम्हारे कामों को जानता हूं।" और हमने पिछले हफ्ते इस बोरे में बात की है, लेकिन हम इसके बारे में फिर से बात करने वाले

हैं। जो कोई एक ईसाई है, आप को यह एहसास होना चाहिए कि यीशु चर्चों को कैसे संभालता है। नंबर एक, वह हर रविवार को हर चर्च में आता है; नंबर दो, वह हर सदस्य को जानता है और वह जानता है कि उन्होंने क्या किया है, आपने क्या किया है। वह कहता है, "मैं यह तो जानता हूं, कि तू वहां रहता है" वह वास्तव में जानता है कि तुम क्या सोचते हो, ठीक है? और वह इस कलीसिया से कहता है, " मैं यह तो जानता हूं, कि तू वहां रहता है," और फिर वह कहता है, "जहां शैतान का सिंहासन है," यहाँ शैतान के सिंहासन का क्या मतलब है?

डॉ. रॉन रोडस: खैर, मुझे लगता है कि इसके कुछ मतलब हो सकते हैं। मुझे लगता है, सबसे पहले, रोमियों की पूजा, सम्राटों की पूजा करना, दुनिया के इस हिस्से में यह बहुत आम था। इसमें रोमियों द्वारा, कैसर ही हमारा प्रभू है, यह कहा जाना आवश्यक है। और अगर तुमने यह नहीं कहा कि कैसर ही हमारा प्रभू है, तो आप को सताया या निष्पादित किया जाएगा। लेकिन मुझे लगता है, मुझे लगता है कि शायद *ज़ीउस* की वह बड़ी वेदी ही शायद शैतान का सिंहासन था। यह वहां का एक विशाल झूठी देवता था। और, आप जानते हैं कि यह वचन इस बात की ओर संकेत करता है कि भले ही इस कलीसिया ने कुछ चीजें ठीक किये थे, पर वे नैतिक रूप से समझौता किया करते थे। और आज इससे हमें यह पता चलता है कि नैतिक समझौता ठीक नहीं है।

एंकरबर्ग: मैं आपको कुछ चीजें बताता हूँ, जो कि उसने कहे, ठीक है? सबसे पहले वह कहता है, आप लोग मेरे नाम पर स्थिर रहे " उन दिनों में भी पीछे नहीं हटा जिन में मेरा विश्वासयोग्य साक्षी अन्तिपास, तुम में उस स्थान पर घात किया गया। सबसे पहले, हम यहाँ के अच्छे लोगों के बारे में बात करते हैं। अन्तिपास कौन था?

रोड्स: अन्तिपास, यूहन्ना द्वारा, रोमन सम्राट डोमिशियन के शासनकाल के दौरान, पिरगमुन में बिशप के रूप में नियुक्त किया गया था। और उसे पीतल के कटोरे में डालकर मार डाला गया था., उस पीतल के कटोरे को

आग के लपटों पर रखा गया था। तो उसे मौत के लिए पकाया गया था। यह निष्पादन का एक बहुत ही क्रूर तरीका था।

एंकरबर्ग: और उन्होंने उसे देखा, और वे फिर भी विश्वासयोग्य थे। लेकिन विश्वासयोग्य कहने के बाद, कुछ चीजें बदल गईं या वे थोड़े स े फिसल गए। वह कहता है, " पर मुझे तेरे विरूद्ध कुछ बातें कहनी हैं, क्योंकि तेरे यहां कितने तो ऐसे हैं, जो बिलाम की शिक्षा को मानते हैं," परमेश्वर झूठे सिद्धांतोें से नफरत करत ा है। हम इस बारे में अपने इच्छानूसार न रहें, परमेश्वर कहत ा है, "मैं इस सिद्धांत से नफरत करता हूं।" लेकिन बिलाम क ा सिद्धांत क्या है?

रोड्स: खैर, यह वचन हमारे लिए इसे परिभाषित करता है। वह कहता है, "पर मुझे तेरे विरूद्ध कुछ बातें कहनी हैं, क्योंकि तेरे यहां कितने तो ऐसे हैं, जो बिलाम की शिक्षा को मानते हैं, जिस ने बालाक को इस्त्राएलियों के आगे ठोकर का कारण रखना सिखाया, कि वे मूरतों के बलिदान खाएं, और व्यभिचार करें।" तो मूल रूप से, इस व्यक्ति क े पास मोआबी स्त्रियों का एक समूह है, जिससे कि वह छल से इस्त्राएल ी पुरुषों के बीच अंतर-विवाह करा सके। और यह परमेश्वर की इच्छा का एक बड़ा उल्लंघन था। तो यह एक नैतिक समझौता था।

एंकरबर्ग: फिर वह कहता है, "वैसे ही तेरे यहां कितने तो ऐसे हैं, जो नीकुलइयों की शिक्षा को मानते हैं।" यह उन झूठे सिद्धांतों में से एक है, जिससे वह नफरत करता है। लेकिन नीकुलइ कौन थे?

रोड्स: खैर, नीकुलइ.., विद्वानों के बीच काफी चर्चा हुई है और उनके पास कुछ अलग-अलग राय है ं। मेरा यह मानना है कि, यह एक ऐस ी चीज़ है जिसमें कि मूल रूप से आचरण के बहुत सारे ईसाई लाइसेंस शामिल हैं। इसमें बहुत ही आत्म-संतुष्टि होती है, बहुत अतिभोग होता है, बहुत सारे ढीले रहन-सहन होते हैं, बहुत व्यभिचार होता है। तो ठीक यहाँ, दो शिक्षाएँ हैं जो व्यभिचार पर ज़ोर देते हैं। और आप एक ईसाई चर्च में होकर उस बारे में सोचना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन यहां यह है। ये वे लोग हैं जो कि मसीह के नाम के लिए खड़े थे, लेकिन फिर भी वे व्यभिचार में पड़ गए। और मेरे लिए यह आज के चर्च के लिए एक बड़ी चेतावनी है।

एंकरबर्ग: मार्क, हम थूआतीरा की कलीसिया में जाते हैं। वह कहत ा है, " मैं तेरे कामों, और प्रेम, और विश्वास, और सेवा, और धीरज को जानता हूं, और यह भी कि तेरे पिछले काम पहिलों से बढ़ कर हैं।" जिसका मतलब है कि वे पहले की तुलना में अब और अधिक कर रहे हैं। तो ये लोग सुपर-डुपर लगते हैं। और फिर वह आता है और वह कहता है, "पर मुझे तेरे विरूद्ध यह कहना है, कि तू उस स्त्री इजेबेल को रहने देता है जो अपने आप को भविष्यद्वक्तिन कहती है, और मेरे दासों को व्यभिचार करने, और मूरतों के आगे के बलिदान खाने को सिखला कर भरमाती है।" इजेबेल कौन थ ी?

डॉ. मार्क हीचकॉक: खैर, इज़ेबेल पुराने-नियम से एक नाम है, वह राजा अहाब की पत्नी थी। वह एक फोनिशियन रानी थी। वह मूर्तिपूजन करती थी। वह आई और उसने इस्राएल देश को भ्रष्ट कर दिया, अपने पति को भ्रष्ट कर दिया। इसलिए उसका इज़ेबेल नाम था, हम नहीं जानते कि क्या यह वास्तव में इस महिला का नाम था या नहीं, लेकिन यह उस बात से मेल खाता है जिसका कि वह प्रतिनिधित्व करती है। और यह दिलचस्प है कि, वह इज़ेबेल की निंदा कर रहा है, लेकिन वह कहत ा है, "क्योंकि तू उस स्त्री इजेबेल को रहने देता है.." तो वास्तव में वह वहां के नेताओं को लिख रह ा है, और नेताओं की निंदा कर रहा है क्योंकि वे इस महिला के झूठे शिक्षण को बर्दाश्त कर रहे हैं। तो वास्तव में, थूआतीरा के कलीसिया की वास्तविक समस्या यह है कि वह एक बर्दाश्त करने वाला कलीसिया था, वह झूठे शिक्षण और झूठे सिद्धांत को सहन किया करता था। हम सभी को चीज़ें बर्दाश्त करना चाह िए, लेकिन हम झूठे शिक्षण और झूठे सिद्धांत ो ं को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।

एंकरबर्ग: और, *एड*, मुझे यीशु जो सरदीस, सरदीस की कलीसिया से कहता है, वह दिलचस्प लगता है। वह कहत ा है, " मैं तेरे कामों को जानता हूं, कि तू जीवता तो कहलाता है," बहुत सारे चर्च, वे जीवित जाने जाते हैं, ठीक है? और ये शायद उनमें से एक होगा, ठीक है? लेकिन यीशु कहत ा है, " पर, है मरा हुआ" उसका क्या मतलब था?

हिंडनसन: खैर, यह दिलचस्प है। सरदीस आसिया माइनर की प्राचीन राजधानी थी। यह एक पुराना शहर था, लेकिन वह पहली सदी में एक मरा हुआ शहर था। और वह कलीसिया जो वहाँ था वह मरता हुआ कलीसिया था। मुझे लगता है कि यह एक विशिष्ट विचार वाला एक चर्च था, जो कि कहता है, "हम पूरी तरह यीशु और बाइबल के बारे में हैं," पर वे आत्मिक रूप से मृत होते हैं। कोई भी परिवर्तित नहीं होता है, कोई भी मसीह के पास नहीं आता है। वहाँ कुछ भी नहीं हो रहा होता है। उस चर्च का आत्मिक जीवन दूर जा रहा है। और वह उनसे कहता है, "मैं आकर तुम्हारे दीवटों को ले जाऊंगा।" दूसरे शब्दों में, "मैं बस इस बात को मरने दूँगा। मैं अपनी आत्मा और शक्ति में उन लोगों की ओर बढ़ूंगा, जो वास्तव में, मुझसे प्रेम करते हैं और मेरी सेवा करना चाहते हैं।"

एंकरबर्ग: ठीक है। और फिर मैं फिलेदिलफिया के कलीसिया पर आना चाहता हूं, क्योंकि यहां एक महान वादा है, *मार्क*। यीशु कहता है, "तू ने मेरे धीरज के वचन को थामा है" उन्होंने उसे पहले से ही बधाई दी है, "मैं भी," वह यह वादा करता है, " मैं भी तुझे परीक्षा के उस समय बचा रखूंगा, जो पृथ्वी पर रहने वालों के परखने के लिये सारे संसार पर आने वाला है।" जब यीशु ने वादा किया कि, वह विश्वासियों को "परीक्षा के उस समय बचा रखूंगा, जो पृथ्वी पर रहने वालों के परखने के लिये सारे संसार पर आने वाला है।" क्यों वह विश्वासियों को पूरी तरह से क्लेश के दुःख से अलग रखने का वादा कर रहा था?

हिचकॉक: खैर, जब आप इस संदर्भ को उसके संदर्भ में देखते हैं, सबसे पहले, कुछ लोग कहेंगे, " खैर, यह सिर्फ फिलाडेल्फिया के कलीसिया के लिए एक वादा था।" फिर से हमें याद करना होगा कि, यीशु कहता है "जिस के कान हों, वह सुन ले कि आत्मा कलीसियाओं से क्या कहता है।" तो यह सभी कलीसियाओं के लिए एक वादा है और इस भाग के सन्दर्भ में, जब वह कहता है, " मैं भी तुझे परीक्षा के उस समय बचा रखूंगा, जो पृथ्वी पर रहने वालों के परखने के लिये सारे संसार पर आने वाला है।" या पृथ्वी पर रहने वाले लोगों पर आने वाला है, प्रकाशितवाक्य अध्याय 6-18 के संदर्भ में। यही परीक्षण का समय है जो इस पुस्तक में, पृथ्वी पर आ रहा है। और हम इसे क्लेश अवधि कहते हैं।

और यीशु यहां कहता है, वह बस इतना नहीं कहता है, "मैं भी तुझे परीक्षा के उस समय बचा रखूंग" वह कहता है, "मैं भी तुझे परीक्षा के उस समय बचा रखूंगा, जो पृथ्वी पर रहने वालों के परखने के लिये सारे संसार पर आने वाला है।" और मुझे पता है कि, परीक्षण के समय से दूर रहने का एकमात्र तरीका, हमारा वहाँ न होना है। और, वास्तव में, अगले ही वचन में वह कहता है, " मैं शीघ्र ही आनेवाला हूं;" तो उसके आने से.,कि वह आने वाला है और अपने विश्वासियों को परीक्षण के इस समय से बाहर ले जाने वाला है, ताकि वे उस समय से बच सके। क्योंकि वह कहता है कि वह समय पृथ्वी पर रहने वालों के परखने के लिये है, उन लोगों का परीक्षण करने के लिए जो पूरी तरह से सांसारिक परिप्रेक्ष्य रखते हैं, और परमेश्वर के विरूद्ध उनके विद्रोह में कठोर होते हैं। तो मेरा मानना है कि यह एक महान वचन है जो कि हमें बताता है कि परमेश्वर आने वाला है और परीक्षण के समय पहले, अपने लोगों को इस धरती से बाहर निकालने वाला है। वह हमें उस समय से दूर रखने वाला है।

एंकरबर्ग: हाँ। हमारे पिछले श्रृंखला में हमने इस बारे में बात की, कि क्यों हम विश्वास करते हैं कि उत्साह और दूसरी वापसी, दो अलग-अलग घटनाएं हैं, जो कि क्लेश से अलग हैं। और ये प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में दिये गए संकेत या वादों में से एक है, कुछ और भी है जिसके बारे में हम बात करने वाले हैं। तो इन सबको आपको रेखांकित करना चाहिए। *रॉन*, लौदीकिया को "गुनगुना कलीसिया" कहा जाता है। वह कहता है, "तू न तो ठंडा है और न गर्म, भला होता कि तू ठंडा या गर्म होता। सो इसलिये कि तू गुनगुना है" न तो ठंडा है न गर्म, "मैं तुझे अपने मुंह में से उगलने पर हूं" यीशु कहता है। उस बारे में बात करते हैं।

रोड्स: यह बहुत ही आंख खोलने वाली बात है। आप जानते हैं, फिर से, यीशु ने कहा, "मैं तेरे कामों को जानता हूं। मुझे पता है कि आपके चर्च में क्या हो रहा है। कुछ भी मेरे से छिपा नहीं है। मैं सतह के नीचे देखता हूँ। मैं देख रहा हूं कि वास्तव में क्या हो रहा है।" और यह वचन या वाक्यांश कि, "मैं तुझे अपने मुंह में से उगलने पर हूं" यह गंभीर है। आप जानते हैं, आज-कल लोगों को, यीशु का एक नरम संस्करण में विश्वास

करना पसंद है। परन्तु यीशु यहां शब्दों को बदल नहीं रहे हैं। वह न्याय के बारे में बात कर रहा है; वह अनुशासन के बारे में बात कर रहा है। गुनगुना होना ठीक नहीं है।

अब, कई पड़ोसी समुदायों के साथ एक प्रकार का संकेत या तुलना है। कुलुस्से, उदाहरण के लिए, अपने ठंडे पानी के लिए जाना जाता था, और ठंडा अच्छा होता है। हियरापुलिस अपने गर्म सोतों के लिए प्रसिद्ध था। ये गर्म सोतें, उसमें भाग लेने वाले लोगों को स्वास्थ्य लाते थे।
लेकिन इस कलीसिया में पानी लाने वाला भूमिगत जलसेतु ऐसा बनाया गया था कि पानी वहां पहुचंते-पहुचंते गुनगुना हो जाता था। और यह अच्छा नहीं था। इसलिए यीशु इस कलीसिया से उसकी तुलना कर रहा है। और वह उनसे कह रहा है, "तुम्हें बदलना होगा; यह मुझे ठीक नहीं लग रहा है कि तुम ऐसे हो।"

एंकरबर्ग: ठीक है। तो हम अभी एक ब्रेक लेने वाले हैं। हमने सात कलीसियाओं के बारे में बात की, लेकिन अब यीशु भविष्य में होने वाले चीज़ों के बारे में बोल रहा है। और हम वापस आकर उस बारे में बात करने वाले हैं। हमारे साथ जुड़े रहो।

*****

एंकरबर्ग: ठीक है, हम वापस आ गए हैं। हम प्रकाशित वाक्य के पुस्तक के बारे में बात कर रहे हैं, और हम आपको प्रकाशितवाक्य के पूरे पुस्तक के माध्यम से, अध्याय बाद अध्याय ले जा रहे हैं। हम *डॉ. एड हिंड्सन, डॉ. मार्क हिचकॉक और डॉ. रॉन रोड्स* से बात कर रहे हैं। और, *एड*, अब हम अध्याय 4 में हैं और हमने यीशु ने सात कलीसियाओं से क्या कहा था, इस बारे में बात की है, और अब इसके बाद एक और संक्रमण है। कुछ और हुआ। क्या हुआ?

हिंडनस: चौथा अध्याय शुरू होता है, "इसके बाद," या अगला, "मैं ने दृष्टि की, तो क्या देखता हूं कि स्वर्ग में एक द्वार खुला हुआ है; और जिस को मैं ने पहिले तुरही के से शब्द से अपने साथ बातें करते सुना था।" यह अध्याय 1 में यीशु का आवाज़ था। तो यीशु यूहन्ना से कह रहा है, "यहाँ आओ और मैं तुम्हें दिखाने वाला हूँ कि

भविष्य में क्या होगा। यूहन्ना, ऊपर आओ, मैं तुम्हें भविष्य दिखाता हूं।" तो इस समय से, यह पुस्तक, भविष्य में क्या होने वाला है उसपर ध्यान केंद्रित करने वाला है।

एंकरबर्ग: ठीक है, *मार्क*, कुछ लोग कहते हैं कि यह मृत्कोत्थान है। जब आप कहते हैं कि यह ऐसा ही है, या नहीं है..., ठीक है, तो अध्याय 4 में जो कहा गया है, उसके आधार पर यह क्यों नहीं है?

हिचकॉक: खैर, क्योंकि यहाँ तुरही की आवाज़ है, और यूहन्ना स्वर्ग के पकड़ में है, बहुत सारे लोग इसे मृत्कोत्थान के साथ समरूप करते हैं, इसे उस को प्रतीकात्मक बनाते हैं। समस्या यह है कि, वह यूहन्ना है जो पृथ्वी से स्वर्ग तक जा रहा है, कलीसिया नहीं। और मुझे लगता है कि अगर हम स्वर्ग की ओर यूहन्ना के जाने को समरूप बनाने और उसे किसी तरह मृत्कोत्थान से प्रतीकात्मक करने की कोशिश करते हैं, तो मुझे लगता है कि हम वास्तव में वचन जो कहता है, उससे परे जा रहे हैं।

एंकरबर्ग: लेकिन अन्य सबूत हैं जो कि यह कहेंगे कि यह भविष्य में संभव है जब मृत्कोत्थान होगा। और आप वहां कैसे पहुंचेंगे?

हिचकॉक: खैर, मुझे लगता है, जब हम प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को देखते हैं, तब हमने पिछली बार प्रकाशितवाक्य 3:10 के बारे में बात की, वह हमें उस परीक्षण के समय से बचाएगा जो कि पृथ्वी पर आने वाला है। इसके अलावा प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में, 20 बार कलीसिया शब्द का इस्तेमाल किया गया है। पहले तीन अध्यायों में यह 19 बार इस्तेमाल किया गया है और फिर हम इस कलीसिया शब्द को, प्रकाशितवाक्य 19 में स्वर्ग में यीशु के एक दुल्हिन के रूप में देखते हैं। और वास्तव में, कलीसिया शब्द का फिर से प्रयोग, प्रकाशितवाक्य 22:16 तक नहीं किया गया है। तो कलीसिया शब्द, प्रकाशितवाक्य अध्याय 4 से 18 तक नहीं है, जिससे हमें यह संकेत मिलता है कि पृथ्वी पर क्लेश के समय के दौरान, कलीसिया स्वर्ग में प्रभु के साथ होता है।

एंकरबर्गः अब, दोस्तों, मैं उन लोगों के बारे में सोच रहा हूं जो कि बाइबल का अध्ययन कर रहे हैं, जो कि यह जानना चाहते हैं कि, कैसे हमें प्रकाशितवाक्य की पुस्तक पढ़नी चाहिए? और इससे मेरा यह मतलब है कि,

ऐसे चार या पांच प्रमुख विचार हैं, जिन्हें विद्वानों द्वारा रखा गया है कि, हमें कैसे प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को पढ़नाा चाहिए। और जल्दी से हम इस के माध्यम से जाते हैं। मैं इसमें ज्यादा घुसना नहीं चाहता, मैं बस एक त्वरित, आसान उदाहरण, या समझ चाहता हूँ कि, ये दृष्टिकोण क्या हैं।

हिंड्सन: खैर, पहला, यूहन्ना, पूर्वाग्रहवादी दृष्टिकोण है, कि प्रकाशितवाक्य में जो कुछ है वह पहले से ही अतीत में हुआ है, या कम से कम उसमें से बहुत कुछ पहले से ही हुआ है। यह दृष्टिकोण यह दिखाने की कोशिश करता है कि रोमन लोगों द्वारा 70 ईसवी में यरूशलेम का विनाश ही प्रकाशितवाक्य की पुस्तक है। मुझे लगता है कि, उस विचार कके प्रमुख समस्याओं में से एक यह है कि यह प्रकाशितवाक्य पर बिल्कुल भी काम नहीं करता है। आपको यरूशलेम कोो प्रकाशितवाक्य का बाबुल बनाना होगा, और फिर यीशु को वापस आनाा होगा, उसे रोमन सेना को उत्साहित करना होगा, ताकि वह पृथ्वी पर स्वर्ग का राज्य लाने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए, यरूशलेम को नष्ट कर सके। मुझे ऐसा नहीं लगता है।

एंकरबर्ग: हाँ। दो अन्य हैं, ऐतिहासिक दृष्टिकोण और आदर्शवादी दृष्टिकोण हैं। *मार्क*?

हिचकॉक: इन सभी दृष्टिकोण काा, समय के साथ लेना देना है। उनका इन घटनाओं कके पूरके होने के समय से लेना देना है। और ऐतिहासिक दृष्टिकोण मूल रूप से यह कहती है कि, प्रकाशितवाक्य की पुस्तक , यीशु के पहले आने और दूसरे वापसी के बीच की घटनाओं को दर्शाताा है। तो यह काफी फैला हुआ है, वास्तव में, पूरके युग(में फैला हुआ है)..,। यह इस पूरे युग का एक पैनोरामा है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य कीी समस्या यह है कि, लोग इन घटनाओं की व्याख्या, वे जिस समय जीते हैं, उस आधार पर अलग-अलग तरीके से करते हैं। वे इसे एक तरह से व्याख्या करते हैं, और फिर कुछ सौ साल बाद यह एक अलग तरीका हो जाता है। वास्तव में व्याख्या की कोई स्थिरता नहीं होती है।

एक और दृष्टिकोण, एक बहुत, बहुत ही सामान्य दृष्टिकोण को आदर्शवादी दृष्टिकोण कहा जाता है। आदर्शवादी दृष्टिकोण एक तरह से कालातीत है। यह कहताा है कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक वास्तव में असली लोगों को, वास्तविक घटनाओं को नहीं दर्शाताा है। यह एक आत्मिक व्याख्या है। मूल रूप से यह कहताा है कि यह चर्च और पृथ्वी के बीच चल रही लड़ाई है। और इस दृष्टिकोण कीी समस्या यह है कि, यह प्रतीकों को ठोस अर्थ नहीं

देत ा है। प्रकाशितवाक्य 1 वापस जाते हैं, यीशु कहता है, सात दीवटें सात कलीसिया हैं, सात तारे उन कलीसियाओं के सात स्वर्गदूत हैं। तो यीशु हमें स्वयं कह रहा है कि पुस्तक में प्रतीकों का ठोस अर्थ है, उनका एक शाब्दिक संदर्भ है; व े किसी का उल्लेख करते है ं। तो मुझे लगता है कि यह आदर्शवादी दृष्टिकोण की वास्तविक कमजोरी है।

एंकरबर्ग: हाँ। और, *रॉन*, हम भविष्यवादी दृष्टिकोण को लेते हैं। वो क्या है?

रोड्स: भविष्यवादी दृष्टिकोण, एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो कि प्रकाशितवाक्य की अधिकांश पुस्तक को भविष्य, या भविष्य क ो भविष्यद्वाणी के संदर्भ में देखता है। और मैं अध्याय 4 से 22 के बारे में बात कर रहा हूं। एशिया माइनर के कलीसिया अतीत हैं, लेकिन [अध्याय 4] से भविष्य के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया गया है। अध्याय 4 से 18, क्लेश अवधि के बारे में है; अध्याय19 मसीह के दूसरे आगमन के बारे में है; अध्याय 20, हजार साल के शासन के साथ-साथ महान सफेद सिंहासन के न्याया के बारे में है; और फिर अध्याय 21 और 22 में अनन्त काल पर चर्चा की गई है।

अब, कई कारणों के लिए मैं इसे भविष्यवादी के रूप में लेता हूं। नंबर एक, हमें प्रकाशितवाक्य 1:19 में यह रूपरेखा मिलत ा है, जो कि कहत ा है, "जो बातें तू ने देखीं हैं और जो बातें हो रही हैं; और जो इस के बाद होने वाली हैं, उन सब को लिख ले।" ठीक है? तो अध्याय 4 से यह भविष्य के बारे में है। प्रकाशितवाक्य 1: 3 हमें बताता है कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक भविष्यद्वाणी है। यह अभी तक आने वाली हर चीज के लिए मानक निर्धारित करता है।

अंकरबर्ग: हाँ, और अगर आप इससे सहमत नहीं हैं, तो आप यीशु के साथ असहमत हैं, जिन्होंने हमें यह बताया था।

रोड्स: यह बिल्कुल ठीक है। और जब आप इन अन्य दृष्टिकोण ो ं के बारे में बात करते ह ो, जिसमें अक्सर प्रतीकात्मकता और चीज़ें शामिल है ं, तो तथ्य यह है कि हमारे भविष्य की व्याख्या में, वास्तविक लोगों और

वास्तविक घटनाएं शामिल हैं। दो भविष्यद्वक्ता हैं, 144,000 यहूदी सुसमाचारकर्ता हैं, वहाँ यीशू मसीह का शत्रु(एंटीक्रइस्ट) है, और झूठे भविष्यद्वक्ता हैं, और विश्वासियों की एक बड़ी भीड़ है; और फैसले का खुलासा जैसे, वास्तविक घटनाएं है। यह सभी अभी तक भविष्य है।

एंकरबर्ग: ठीक है अब, *मार्क*, एक महत्वपूर्ण सवाल है जो कि लोग पूछते हैं और वह यह है कि, जब हम स्वर्ग जाते हैं, तब क्या हम परमेश्वर को अपनी आंखों से देखते हैं?

हिचकॉक: ठीक है, मुझे हमेशा अलग-अलग लोगों ने बताया है कि, आप परमेश्वर को नहीं देखेंगे, क्योंकि बाइबिल में ऐसे कई वचन हैं, जिसे कि लोग अक्सर इस तथ्य के हवाले करते हैं कि, (आप जानते हैं), हम कभी परमेश्वर को देख नहीं पाएंगे, हम परमेश्वर को नहीं देख सकते हैं। निर्गमन 33:20 कहता है, "उसने कहा, तू मेरे मुख का दर्शन नहीं कर सकता; क्योंकि मनुष्य मेरे मुख का दर्शन करके जीवित नहीं रह सकता।" यूहन्ना 1:18 यह कहता है, "परमेश्वर को किसी ने कभी नहीं देखा"; 1तीमुथियुस 6:15-16 परमेश्वर के बारे में है और वह कहता है, " अमरता केवल उसी की है, और वह अगम्य ज्योति में रहता है, और न उसे किसी मनुष्य ने देखा, और न कभी देख सकता है:"

खैर, फिर सवाल यह उठता है। खैर फिर, जब आप प्रकाशितवाक्य 4: 2 में देखते हैं, यूहन्ना स्वर्ग पहुँचकर, पहली बात जो करता है, कि वह कहता है, "एक सिंहासन स्वर्ग में धरा है, और उस सिंहासन पर कोई बैठा है।" यह स्पष्ट रूप से पिता परमेश्वर के बारे में है, क्योंकि अगले अध्याय में यीशु वहाँ आता है, और अपने हाथों से पत्रा बाहर निकालता है। तो स्पष्ट रूप से यह कह रहा है कि यूहन्ना ने परमेश्वर, पिता परमेश्वर को देखा है। अब, जिस तरह से वहां परमेश्वर का वर्णन किया गया है, वह चमकदार प्रतिभा और प्रकाश और रंग के बारे में है। और इसलिए मुझे लगता है कि, यह हमें बताता है कि इस धरती पर हमारे अकीर्तिकर स्थिति में, कोई भी परमेश्वर को उसके पूर्ण सार में देखकर, जीवित नहीं रह सकता है। लेकिन जब हम स्वर्ग में अपने गौरवशाली रूप में होते हैं, तो हम सिंहासन पर वहां परमेश्वर की स्थानीयकृत उपस्थिति देखेंगे। अब, परमेश्वर

सर्वव्यापी है, परमेश्वर ब्रह्मांड को भरता है; लेकिन वह अपनी मौजूदगी को स्थानांतरित करता है। परमेश्वर वहाँ स्वर्ग में एक सिंहासन पर बैठा है। और मेरा मानना है कि जब हम स्वर्ग में, हमारे सिद्ध राज्यों में, हमारे गौरवशाली रूप में होंगे, तब हम परमेश्वर को अपने सिंहासन पर बैठे देखे सकेंगे।

एंकरबर्ग: हाँ। जब हम नए आकाश और नई पृथ्वी और इन सब पर बात करते हैं, तो वह कहता है कि परमेश्वर हमारा परमेश्वर होगा, हम उसे देखने और उसके साथ चलने और उसके साथ बात करने और सब कुछ करने वाले हैं। तो, ...

लेकिन, *एड*, चलो, हम यहाँ गंभीर हो जाते हैं। ऐसे कुछ लोग हैं, जब उनसे यह सवाल पूछा जाएगा, "क्या आप किसी दिन परमेश्वर को अपने आँखों से देखने वाले हैं? और अगर उन लोगों का कहना है, "नहीं, मुझे नहीं लगता कि मैं वहां होंगा, लेकिन मैं वहां होना चाहता हूं।" तो वे वहां कैसे हो सकते हैं? कैसे निश्चित रहें कि वे वहां होंगे?

हिंड्सन: खैर, बाइबल में निमंत्रण बहुत बुनियादी है "जो कोई प्रभु का नाम लेगा, वह उद्धार पाएगा।" यीशु लगातार लोगों को बुला रहा है, "मेरे पास आओ" आदि। परमेश्वर आपके पास उद्धार और परिवर्तन के एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध में आना चाहता है, जिसमें कि उनकी आत्मा हमारे जीवन में वास करने आता है, और तुम्हारी मृत आत्मा को, परमेश्वर की आत्मा ने जीवित किया है। और आपको पुनर्जन्मित किया गया है। आप परमेश्वर के साथ सहयोग करेंगे। आप तब तक जीवित रहेंगे, जब तक कि परमेश्वर जीवित रहेगा, क्योंकि परमेश्वर उस समय से आपके भीतर रहता है।

और यह बाइबल का व्यक्तिगत निमंत्रण है, और यह प्रकाशितवाक्य के पुस्तक का व्यक्तिगत निमंत्रण है। जब हम पुस्तक के अंत में पहुंचते हैं, तो हम बहुत ही अंत में परमेश्वर को यह कहते पाएंगे कि, "आओ।" आत्मा और दुल्हिन कहने वाले हैं, आओ।

क्या मैं परमेश्वर को आमने-सामने देखने वला हूं? प्रकाशितवाक्य की पुस्तक की वादा –हाँ- है, सचमुच राजा के सामने दर्शक होंगे। क्या आप उसे देखेंगे, इस सवाल के जवाब को, ठोस सकारात्मक होना चाहिए, "हाँ, बिल्कुल"; नहीं, "मुझे आशा है," या "मैं सबसे अच्छा करने की कोशिश कर रहा हूँ।" परमेश्वर ने सबसे अच्छा काम किया, जब उसने मसीह को, हमारे पापों के लिए क्रूस पर मरने के लिए भेजा। परमेश्वर के पाप रहित पुत्र ने, क्रूस पर, हमारे पाप के विरुद्ध परमेश्वर का क्रोध उठाया, और मरे हुओं में से जी उठकर, आपको अनंत जीवन का उपहार दिया। और वह विश्वास के साथ, आपको आमंत्रित करता है कि, उसने आपके लिए जो कुछ किया है, उससे आप उस पर भरोसा करें। और जब आप स्वर्ग जाते हैं, तो यीशु ने आपके लिए जो किया था, उसके कारण आप परमेश्वर को आमने-सामने देखते हैं।

एंकरबर्ग: अद्भुत दोस्तों, मुझे आशा है कि, अगर आपने ऐसा नहीं किया है, तो आप ऐसा करें; अभी ही प्रार्थना करने के लिए समय लें, और परमेश्वर से, अपने परमेश्वर और उद्धारकर्ता बनने, आपके पापों को क्षमा करने और उसे आपके लिए वास्तविक बनाने की माँग करें, ताकि आप अपने दिल में जान सकें कि, आप उसके हैं। अब, अगले हफ्ते हम देखेंगें कि, एक ऐसी समस्या है जो कि स्वर्ग में होता है, वह यह है कि, परमेश्वर के हाथों में एक पत्रा है, जिस पर मुहर लगा है, और कोई भी मुहर को खोलने के लिए, उसके हाथों से पत्रा नहीं ले सकता है। और फिर अचानक यूहन्ना देखता है कि, केवल एक ही है जो यह कर सकता है। हम उस बारे में अगले हफ्ते बात करने वाले हैं और जब वह इन मुहर को खोलना शुरू करता है, तो क्या होता है। वे फैसले होते हैं, जो कि पृथ्वी पर आते हैं। तो मुझे आशा है कि आप अगले सप्ताह हमारे साथ जुड़ें रहेंगे।

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्‌ द्यद्द ठ्ठड़ड़ड्डद्धद्य ख्ड्डद्मद्धद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्‌.दृद्धढ़

@JAshow.org

क्दृद्रन्द्धत्ढ़ण्द्य 2016 ऋद्रड़क्ष्